



# SSMV Bulletin

"नैक मूल्यांकित"

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email : skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone : 09258321276, 09258321279, 09258321278

प्रकाशन वर्ष –2019 अवधि : जुलाई–सितम्बर अंक – 5

## संदेश



प्रोफेसर (डॉ0) राजीव सक्सैना
कुलपति
जे0पी0 विश्वविद्यालय, अनूपशहर

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर में त्रैमासिक पत्रिका "दृष्टि" का पंचम अंक प्रकाशित होने के अवसर पर मैं आनंदित महसूस कर रहा हूँ तथा महाविद्यालय परिवार को इस नेक एवं वांछित कार्य के लिए शुभकामनाऐं देता हूँ।

उच्च शिक्षा में अध्ययनत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र एवं चतुर्मुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ साहित्यिक एवं सामाजिक गतिविधियों का होना भी अति आवश्यक है। "अथक परिश्रम से ही सफलता मिलती है और बिना प्रशंसा के भी अनवरत परिश्रम करते रहने पर सफलता सदा साथ रहती है"।

शिक्षा का वास्तविक मतलब होता है–विद्यार्थियों की विचारधारा वृहद् बने एवं वैचारिकता का उत्थान हो और उच्च आदर्शों तथा विचारों को अपनाते हुए अपने जीवन, समाज एवं देश की उत्कृष्टता की ओर ले जा सकने वाले बनें। मैं कामना करता हूँ कि यह समाचार विवरणिका इन उद्देश्यों की लब्धि में सफल होगी।

जय हिन्द !

(प्रो0 राजीव सक्सैना)

## सम्पादकीय




आचार्य बहुश्रुत ने अपने गुरुकुल के छात्रों की शिक्षा पूरी करने के बाद तीन चुने हुए शिष्यों से कहा, कल प्रातः मेरे निवास स्थान पर आना। तुम्हारी आखिरी परीक्षा लेने के बाद प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आचार्य ने कुटिया के मार्ग पर कुछ कांटे बिखेर दिए। सवेरे तीनों शिष्य गुरुकुल आश्रम से गुरुदेव के निवास स्थान की ओर रवाना हुए। वे कुटिया से कुछ ही दूर पहुँचे थे कि उन्हें पैरों में कांटों की चुभन महसूस हुई। पहला शिष्य कांटे चुभे होने के बावजूद गुरू की कुटिया तक पहुँचा और एक तरफ बैठकर कांटे निकालने लगा। दूसरा शिष्य पहला कांटा चुभते ही सतर्क हो गया, और उनसे बचते हुए कुटिया तक पहुँच गया। लेकिन तीसरे शिष्य ने जैसे ही रास्ते पर कांटे बिखरे देखे, तो उसने पास ही मौजूद वृक्ष से एक डाली तोड़ी तथा उस डाली का झाड़ू बनाकर रास्ते के कांटे बुहार दिए। इसके बाद उसने हाथ–पांव धोए तथा कुटिया के द्वार पर खड़े आचार्य बहुश्रुत के चरण स्पर्श करके बैठ गया। गुरुदेव कुटिया के द्वार पर खड़े तीनों शिष्यों का आचरण देख रहे थे। उन्होंने तीसरे शिष्य की पीठ थपथपाते हुए कहा, वत्स तुम आखिरी परीक्षा में सफल रहे। सच्चा ज्ञान वही है, जो दूसरों के सामने आए संकट को दूर कर सके। तुम्हारे आचरण ने यह सिद्ध कर दिया है कि तुम मार्ग के कांटों को बुहारने की तरह दूसरों के दुख–दर्द को दूर करने की कला में निपुण होकर मेरे आदर्श शिष्य के रूप में गुरुकुल का नाम रोशन करोगे।

प्रदीप कुमार शर्मा
पुस्तकालयाध्यक्ष / सम्पादक

## सम्पादक मण्डल

मुख्य सम्पादक – डा0 अशोक कुमार शर्मा
सम्पादक – प्रदीप कुमार शर्मा
सह–सम्पादक – अभिनव राना
– साक्षी गर्ग
तकनीकी सहायक – अनुज सिंह चौहान

## मा0 रज्जू भैया शोध संस्थान



महाविद्यालय द्वारा पठन–पाठन के साथ ही किये जा रहे समाजसेवा के कार्यो की ऋंखला में क्षेत्र के किसान भाइयों की सेवा हेतु खुर्जा क्षेत्र स्थित ग्राम बनैल निवासी महान शिक्षाविद् तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ संघ चालक प्रो0 राजेन्द्र सिंह उर्फ रज्जू भैया के नाम पर रज्जू भैया शोध संस्थान महाविद्यालय परिसर में स्थित है जहाँ पर किसान भाईयों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण निःशुल्क किया जाता है तथा Soil Health Card भी बनाया जाता है।

**गुरू दक्षिणा कार्यक्रम** :–दिनांक 16 जुलाई 2019 को महाविद्यालय में गुरू दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने भाग लिया तथा गुरू तुल्य पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम कर सामर्थ्य अनुसार गुरू दक्षिणा अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों यथा डा0 लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जिला संघ चालक (खुर्जा जिला) एवं प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा ने गुरू दक्षिणा पर्व, भगवा ध्वज के इतिहास तथा वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

**गुरू पूर्णिमा पर्व** :–दिनांक 27 जुलाई 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डी0ए0वी0 डिग्री कॉलिज, बुलन्दशहर के अर्थशास्त्र विषय के पूर्व प्रोफेसर डा0 ए0 सी0 मित्तल ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंघल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रबन्धक महोदय ने आधुनिक समय में गुरू शिष्यों के सम्बन्धों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदय ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक गुरू शिष्य परम्परा पर विचार व्यक्त किये। इनके अतिरिक्त शिक्षा संकाय के प्राध्यापक श्री इन्द्रपाल सिंह तथा जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष श्री यतन कुमार शर्मा द्वारा भी गुरु पूर्णिमा पर्व पर विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के प्रभारी भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष श्री योगेश शर्मा तथा सहप्रभारी प्राध्यापिका सुश्री श्वेता गोस्वामी रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिये जलपान की व्यवस्था रही।



**तुलसीदास जयंती** :–दिनांक 07 अगस्त 2019 को महाविद्यालय में तुलसीदास जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा ने महाकवि तुलसीदास जी को आदर्श प्रेरणास्रोत के रूप में आत्मसात करने का संदेश देते हुये हिन्दी साहित्य में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही बी0सी0ए0 विभाग के प्राध्यापक श्री रिंकू कुमार ने भी तुलसीदास जी के जीवन तथा चरित्र के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की संयोजिका हिन्दी विषय की प्राध्यापिका श्रीमती कीर्ति शर्मा व सहसंयोजक प्राध्यापक श्री रिंकू कुमार रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।



**महाविद्यालय सत्र 2019–20 प्रारम्भ** :–दिनांक 08 अगस्त 2019 को महाविद्यालय सत्र प्रारम्भ होने के अवसर पर महाविद्यालय में सरस्वती पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंघल व उनकी धर्मपत्नी, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के संयोजक बी0सी0ए0 विभाग के प्राध्यापक श्री राजकुमार शर्मा रहे।



**राखी प्रतियोगिता** :–दिनांक 10 अगस्त 2019 को महाविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों रामजीत, उपेन्द्र राघव, विनीता, राधा तथा शालू शर्मा ने प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका श्रीमती कविता रानी रहीं।



**वृक्षारोपण** :–केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 10 अगस्त 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य महोदय, समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका व बायोटेक विभाग की प्राध्यापिका सुश्री विदिशा अग्रवाल ने जानकारी दी कि कुल 400 पौधे लगाये गये जिनमें से महाविद्यालय परिसर में 200 पौधे लगाये गये, 60 पौधे विद्यार्थियों को अपने घरों तथा आस–पास लगाने हेतु वितरित किये गये एवं 140 पौधे महाविद्यालय परिसर के बाहर लगाये गये। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के लाभ से अवगत कराया गया।



**पूर्व छात्र परिषद कार्यक्रम** :–शिक्षा संकाय में दिनांक 14 अगस्त 2019 को पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में विभाग के पूर्व छात्रों हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व छात्र अजय कुमार, सीमा कुमारी, अंशु कुमारी, हुमा फातिमा आदि छात्र–छात्रा उपस्थित हुये। छात्र अजय कुमार व हुमा फातिमा ने बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा तथा सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। संयोजिका प्राध्यापिका सुश्री शालिनी शर्मा रहीं।

**स्वतंत्रता दिवस** :–महाविद्यालय में 72वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंघल तथा प्रबन्ध समिति के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकायें तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन बायोटेक विभाग के प्राध्यापक डा0 योगेन्द्र सिंह एवं वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका सुश्री दीपम वार्ष्णेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति द्वारा सभी स्टॉफ को रक्षाबन्धन की बधाई दी गयी।

**व्यक्तित्व निर्माण कार्यशाला** –शिक्षा संकाय में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के लिये एक 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ दिनांक 19 अगस्त 2019 को प्रबन्धक महोदय, प्राचार्य महोदय, शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला में व्यक्तित्व निर्माण, साक्षात्कार, अभिवृत्ति, रचनात्मकता, समय का सदुपयोग, उद्देश्य निर्माण तथा उनकी प्राप्ति आदि विषयों पर पॉवर पाइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। कार्यशाला के अंतिम दिन सेवानिवृत्त कर्नल श्री आलोक जोशी ने कार्यशाला में शामिल सभी विषयों की समीक्षा प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया। अंत में प्राचार्य महोदय ने श्री जोशी का आभार व्यक्त करते हुये इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित कराने का आश्वासन दिया। उपरोक्त कार्यशाला के आयोजक व संयोजक प्राध्यापक डा0 संदीप चौधरी रहे।






**वृक्षारोपण** :–दिनांक 19 अगस्त 2019 को शिक्षा संकाय ने महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें प्राचार्य महोदय तथा विभाग के समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के लाभ से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका श्रीमती हृदयेश राजपूत रहीं।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** :–दिनांक 23 अगस्त 2019 को शिक्षा संकाय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य महोदय, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के जीवन से संबधित विभिन्न घटनाओं तथा शिक्षा व राजनीति के सम्बन्ध में उनके विचारों के बारे में अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्राध्यापिका श्रीमती कविता रानी ने कार्यक्रम का संचालन किया।





**पौधारोपण कार्यक्रम** :–28 अगस्त 2019 को पर्यावरण संतुलन तथा मानव जीवन में वृक्षों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालय प्रांगण में बी0ए0 की छात्राओं ने विभाग के प्राध्यापकों के निर्देशन में पौधारोपण किया ताकि ये पौधे पर्यावरण संतुलन में योगदान दे सकें। इस अवसर पर श्रीमती कीर्ति शर्मा, विभागाध्यक्ष–बी0ए0 संकाय, प्राध्यापक श्री गंगा विष्णु भारद्वाज, श्री धीरज कुमार व प्राध्यापिका डा0 हेमा राघव एवं सुश्री मोनिका मलिक आदि उपस्थित रहे। प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व से अवगत कराया गया।

**अतिथि उद्बोधन** :–दिनांक 29 अगस्त 2019 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री तपन जी के उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री तपन जी ने उपस्थित विद्यार्थियों को पॉवर पॉइन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी तथ्यों से अवगत कराया तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया। इसके बाद दोपहर को महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ एक संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें श्री तपन जी द्वारा भारत की नई शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये तथा प्राध्यापकों से भी नई शिक्षा नीति पर उनकी राय ली गयी। उक्त कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार रहे तथा प्राचार्य महोदय व सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।








**राष्ट्रीय खेल दिवस** :–शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह ने हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा जानकारी दी गयी कि महाविद्यालय में सितम्बर माह से बॉलीबॉल तथा एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है जिसके अंतर्गत बॉलीबॉल की इन्ट्राम्यूनल प्रतियोगिता बी0सी0ए0 व बी0कॉम0 कक्षाओं के मध्य करायी गयी जिसमें बी0सी0ए0 विभाग की टीम विजयी रही। खेल के रेफरी गणित विभाग के प्राध्यापक श्री मंदीप सिंह तथा बी0सी0ए0 विभाग के प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह रहे। उक्त दिनांक को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये कार्यक्रम फिट इंडिया के अवसर पर उनके द्वारा राष्ट्र को किये गये संबोधन का सीधा प्रसारण प्रोजक्टर के माध्यम से महाविद्यालय में सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को दिखाया गया।

**शिक्षक दिवस** :–दिनांक 05 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णनन की जयंती के शुभ अवसर पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एयर फोर्स के सेवानिवृत्त कर्नल डा0 आनंद, महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल, प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल एवं कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंघल रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह स्वयं जलकर समाज में प्रकाश फैलाता है। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति व मुख्य अतिथि द्वारा सत्र 2018–19 के सभी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी गयीं। उक्त कार्यक्रम के संयोजक बी0सी0ए0 विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना, बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा कंचन और लकी, बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना व निर्भय पाठक आदि छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की संयोजिका गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री निधि गुप्ता, सहसंयोजक शिक्षा संकाय के प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी तथा संचालक अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका सुश्री मोनिका मलिक रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया।





**अतिथि व्याख्यान** :–दिनांक 6 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एस0डी0 कॉलिज, गाजियाबाद के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डा0 एम0 के0 मित्तल रहे। डा0 मित्तल ने समाजशास्त्र विषय के इतिहास, दुर्खीम के आत्महत्या के सिद्धान्त, सदरलैंड के अपराध के सिद्धान्त, कार्ल मार्क्स के वर्ग संघर्ष के सिद्धान्त तथा अगस्त कॉम्ट के विज्ञानों के वर्गीकरण आदि विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा तथा समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह के साथ बी0ए0 तथा एम0ए0 समाजशास्त्र के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रेखा शर्मा ने किया तथा फोटोग्राफी प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि गोस्वामी द्वारा की गयी।



**हिन्दी दिवस** :–दिनांक 14 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति शर्मा ने हिन्दी भाषा के महत्व तथा उसके उपयोग के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उसके बाद जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष श्री यतन शर्मा ने आधुनिक शिक्षा में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि राघव व एम0ए0 समाजशास्त्र की छात्रा खुशबू ने कविता के माध्यम से हिन्दी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य महोदय ने समाज के उत्थान में हिन्दी के योगदान पर प्रकाश डालते हुये भविष्य में इसकी उपयोगिता तथा बढ़ते प्रभाव के सम्बन्ध में बताया। कार्यक्रम के समापन पर गणित विभाग के प्राध्यापक श्री मंदीप सिंह ने सभी उपस्थित जनों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती कीर्ति शर्मा तथा संचालक वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरिओम शर्मा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**विश्वकर्मा जयंती** :–दिनांक 17 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में विश्वकर्मा जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के संयोजक बी0सी0ए0 विभाग के प्राध्यापक श्री पीयूष मोहन रहे जिन्होंने भगवान विश्वकर्मा को ब्रहमाण्ड का सबसे बड़ा शिल्पी तथा वास्तुकार बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी0सी0ए0 विभाग का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।





**स्वच्छता अभियान** :–दिनांक 18 सितम्बर 2019 को भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिये स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्थित बी0ए0 विभाग के कक्षों तथा बरामदे आदि की साफ–सफाई की। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापकों ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि देश के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्वच्छता को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाये तभी स्वच्छ तथा स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण में ही विद्यार्थी का शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर श्रीमती कीर्ति शर्मा, विभागाध्यक्ष–बी0ए0 संकाय, प्राध्यापक, श्री गंगा विष्णु भारद्वाज, श्री धीरज कुमार व प्राध्यापिका डा0 हेमा राघव एवं सुश्री मोनिका मलिक आदि उपस्थित रहे।

**पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती** :–दिनांक 25 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्रबन्धक श्री नरेश चंद सिंघल ने मा0 दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा तथा छात्र–छात्राओं द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से सम्बन्धित विभिन्न पहलूओं पर अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षा संकाय के प्राध्यापक श्री इन्द्रपाल सिंह, सह संयोजक गणित विभाग की प्राध्यापिका सुश्री साक्षी गर्ग तथा संचालक वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरिओम शर्मा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।











**बुक–पोस्ट**

सेवा में, ______________________

______________________

______________________

______________________

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :–**

- एम0एड0 (दो वर्षीय)
- बी0एड0 (दो वर्षीय)
- एम0एस–सी0 गणित
- एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान
- एम0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- एम0ए0 गृह विज्ञान
- एम0ए0 समाजशास्त्र
- बी0एस–सी0 गणित
- बी0एस–सी0 बायोलॉजी
- बी0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- बी0सी0ए0
- बी0कॉम0
- बी0ए0 (केवल छात्राओं हेतु)